# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, झांसी
## (मानव संसाधन विकास केन्द्र)

पत्रांक :एचआरडीसी/वीटी/अन्य/2026 दिनांक: 17.04.2026

## परिपत्र

**विषय : व्यवसायिक प्रशिक्षण (Vocational Training)**

बीएचईएल झांसी इकाई में 01 मई से 31 दिसम्बर, 2026 तक प्रस्तावित व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु बीटेक/एमटेक, एमबीए/बीबीए, एमसीए/बीसीए, पॉलीटेक्निक एवं अन्य अनुषंगी पाठ्यक्रमों के इच्छुक छात्र/छात्राएं निम्न शर्तों के साथ पंजीयन (Registration) कर सकते हैं।

- **प्रशिक्षण हेतु पंजीयन (Registration) दिनांक 01.05.2026 से ऑनलाइन प्रारम्भ होगा।** पंजीयन भारतीय स्टेट बैंक की वेबसाइट https://www.onlinesbi.sbi पर SBI Collect Payment Gateway के माध्यम से रु.100/- पंजीयन शुल्क जमा कर किया जा सकता है, जिसमें 18% वस्तु एवं सेवा कर (GST) अतिरिक्त देय होगा। पंजीयन शुल्क न तो प्रशिक्षण शुल्क (Training Fee) में समायोजित किया जाएगा और न ही वापस किया जाएगा। पंजीयन शुल्क भुगतान की प्रक्रिया बीएचईएल–झांसी की वेबसाइट https://jhs.bhel.com पर "Payment Process VT Fee in BHEL Jhansi 2026-27" में दी गई है।

- प्रशिक्षण शुल्क की भुगतान राशि रू. 1000/- (रु. एक हजार मात्र ) प्रति सप्ताह की दर से लागू होगी, तथा 18% वस्तु एवं सेवा कर (GST) अतिरिक्त देय होगा। **प्रशिक्षण शुल्क (Training Fee) जमा करते समय एचआरडी संदर्भ संख्या (HRDC Reference No.) के स्थान पर पंजीयन प्राप्ति सं. (Registration Receipt No.) अंकित करें।** प्रशिक्षण शुल्क प्रशिक्षण आरम्भ करने के पूर्व जमा करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण शुल्क भुगतान की प्रक्रिया बीएचईएल–झांसी की वेबसाइट https://jhs.bhel.com पर "Payment Process VT Fee in BHEL Jhansi 2026-27" में दी गई है।

- सामान्यत: प्रशिक्षण अवधि 01 से 08 सप्ताह तक की होगी तथा मानव संसाधन विकास केन्द्र (HRDC), झांसी द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण मॉडल के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

- प्रशिक्षण हेतु संबंधित दस्तावेज में कॉलेज का अनुमति पत्र (Permission Letter), जारी वर्ष का कॉलेज परिचय पत्र (Current Year College ID) एवं छात्र-छात्रा का एक अन्य पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस) की छाया प्रति स्वयं प्रमाणित कर लगाना अनिवार्य है एवं प्रशिक्षण प्रारंभ करते समय सत्यापन के लिए मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

- इस परिपत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र प्रारुप में रु.10/- (दस रुपए मात्र) के गैर अदालती स्टाम्प पेपर (Non Judiciary Stamp Paper) जो कि **झांसी न्यायाधिकार क्षेत्र से क्रय किया गया हो**, पर टाइप करवाकर एवं **स्वयं प्रमाणित कर** (नोटरी करवाने की आवश्यकता नहीं है) मानव संसाधन विकास केंद्र(HRDC) में जमा करना होगा। साथ ही हाल ही में ली गई रंगीन पासपोर्ट साइज की 02 फोटो भी जमा करनी होगी।

- प्रशिक्षुओं को कारखाना परिसर में प्रशिक्षण के दौरान भारत सरकार/राज्य सरकार एवं बीएचईएल टी पी झांसी इकाई तथा मानव संसाधन विकास केंद्र(HRDC) द्वारा समय समय पर जारी सभी सुरक्षा एवं व्यवस्था निर्देशों का अनिवार्यत: पालन करना होगा।

- प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को काली पेंट एवं सफेद शर्ट अथवा कॉलिज यूनीफार्म मोनो के साथ एवं छात्राओं को कॉलिज यूनीफार्म मोनो के साथ/अथवा काली पेंट एवं सफेद शर्ट अथवा सफेद सलवार-सूट पहनना होगा। **जूते पहनना सभी के लिए अनिवार्य है।**

- प्रशिक्षण की नई बैच प्रत्येक सोमवार को प्रारंभ होगी, जिसके लिए दस्तावेज उससे पूर्व पड़ने वाले गुरुवार को प्रात: 09:00 से 11:30 बजे के मध्य मा.सं.वि.के. में जमा करने होंगे।

- गेट-पास जारी होने की तिथि (प्रत्येक सोमवार) से प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। दस्तावेज प्रस्तुत करने से गेट-पास जारी होने के दौरान सामान्यत: तीन कार्य-दिवस का समय लगता है। गेट-पास प्रक्षिणार्थियों को पास-विभाग, कारखाना मुख्य द्वार से अपना पहचान-पत्र दिखाकर प्राप्त करना होगा।

- प्रशिक्षण की अवधि प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक रहेगी। मानव संसाधन विकास केन्द्र (HRDC), झांसी में आने –जाने हेतु कारखाना मुख्य द्वार का उपयोग करना होगा।

- प्रक्षिणार्थियों को आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

- विषयोक्त से संबंधित अन्य अनुषंगी जानकारी हेतु कार्यालयीन दूरभाष नं.- 05102770001/extn 2528 एवं 2443 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संजय मिश्र
17/01/2026

(संजय मिश्र)
अधिकारी (रा.भा. / मा.सं.वि. एवं सीईएफसी)

वितरण : समस्त विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष,
समस्त यूनियन/एसो.प्रतिनिधि
समस्त कर्मचारी (ई-मेल, इंटरनेट, इंट्रानेट एवं सूचना पट्ट द्वारा)
वरि. प्रबंधक, प्लांट सिक्युरिटी, बीएचईएल,झांसी

प्रति: महाप्रबंधकगण
कार्यपालक निदेशक के विशेष सहायक को कार्यपालक निदेशक हेतु - सादर सूचनार्थ

# शपथ - पत्र

आपके अनुमति पत्र संख्या – मा.सं.वि.के. / वी.टी.सी.ओ. / **29** / ........................ दिनांक ................... बी.एच.ई.एल. झांसी (जिसे बाद में कंपनी कहा गया है) के परिप्रेक्ष्य में ................................ से .............................. तक की समयावधी के मध्य प्रयोगात्मक/औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहमत हूं। मैं ......................................................................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी/श्री..................... ................................................................... संस्थान/कॉलेज ....................................... का/की छात्र/छात्रा एतद द्वारा वचन देता/देती हूं कि:-

1. मैं, उक्त प्रशिक्षण अपनी लागत एवं जिम्मेदारी पर प्राप्त करूंगा/करूंगी। मैं यह आश्वासन भी देता / देती हूं कि कंपनी द्वारा मुझे प्रदत्त प्रशिक्षण निविष्ट (Input) की मात्रा एवं गुणवत्ता मुझे स्वीकार्य होगी।
2. मैं, कंपनी में लागू नियमों एवं विनियमों तथा उक्त प्रशिक्षण के मध्य कंपनी द्वारा समय-समय पर दिए गए आदेशों का पालन करूंगा/करूंगी।
3. मैं, कंपनी से उक्त प्रशिक्षण के संदर्भ में किसी प्रकार के अनुदान तथा छात्रवृत्ति का दावा नहीं करूंगा/करूंगी।
4. और मैं, कंपनी तथा इसके कार्मिकों को कोई हानि नहीं पहुंचाउंगा/पहुंचाउंगी एवं उक्त प्रशिक्षण के मध्य किसी प्रकार की दुर्घटना अथवा अन्य किसी कारण से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ती के लिए कोई दावा नहीं करूंगा/करूंगी।

| साक्षी | शिशिक्षु |
|---|---|
| हस्ताक्षर: .......................................... | हस्ताक्षर: .................................................. |
| नाम : .......................................... | नाम : .................................................. |
| पता : .......................................... | पता : .................................................. |

**(कार्यालय उपयोग हेतु)**

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर: .......................................... | हस्ताक्षर: .................................................. |
| नाम : .......................................... | नाम : .................................................. |
| पता : .......................................... | पता : .................................................. |